हरिभूमि
विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 15 जुलाई 2026

04 उत्कृष्ट समाजसेवा के लिए नपा अध्यक्ष शशि...

07 22वीं जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता...

सर्प दिखाई देने पर सर्प मित्र को बुलाएं

विदिशा। वर्षा ऋतु के दौरान सर्पों के घरों, खेतों और आबादी वाले क्षेत्रों में निकलने की घटनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से सतर्क रहने और अफवाहों या अंधविश्वास से बचने की अपील की है। आमजन से कहा गया है कि यदि घर, खेत या आसपास कहीं भी सर्प दिखाई दे तो घबराएँ नहीं, स्वयं उसे पकड़ने का प्रयास न करें और न ही सर्प को मारें। ऐसे मामलों में तत्काल अपने क्षेत्र के अधिकृत सर्प मित्र से संपर्क करें। प्रशिक्षित सर्प मित्र सुरक्षित तरीके से सर्प का रेस्क्यू कर उसे उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ देते हैं।

सर्प मित्रों के संपर्क नम्बर : जिले में विदिशा, गंजबासौदा, सिरोंज और लटेरी क्षेत्रों के लिए सर्प मित्रों के संपर्क नंबर जारी किए गए हैं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर नागरिक तुरंत उनकी सहायता प्राप्त कर सकें।

विदिशा
फिरोज़ खान : 9179950809
राजेश विश्वकर्मा : 9098220948
फैज़ल खान : 8305001943

गंजबासौदा
शिवम शर्मा : 9098115004
करण विश्वकर्मा : 6263997067

सिरोंज
परवेज़ खान : 8224954793

लटेरी
श्रेयांश जैन : 9893865546
श्रीकांत चौबे : 9754075285

खबर संक्षेप

मानोरा धाम की पदयात्रा आज शाम 5 बजे से शुरू

विदिशा। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दीपक तिवारी अपने मित्र मंडल के साथ आज भगवान जगदीश स्वामी मानोरा धाम पदयात्रा शुरू करेंगे। बजरिया जय स्तंभ पार्क से शाम 5 बजे वह मानोरा धाम के लिए निकलेंगे। यह यात्रा का 13वां वर्ष है। दीपक तिवारी ने बताया कि प्रदेश की सुख,समृद्धि, अच्छी बारिश किसानों की भलाई के उद्देश्य से यह यात्रा निकाली जाती है, पदयात्रा में भक्तजन संगीत की धुन पर नाचते गाते चलते हैं।

मांग के अनुसार पर्याप्त यूरिया मौजूद

विदिशा। जिला विपणन अधिकारी राखी रघुवंशी ने बताया कि 14 जुलाई तक जिले में 77,356 मीट्रिक टन यूरिया, 23,716 मीट्रिक टन डीएपी सहित विभिन्न उर्वरक उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें से किसानों को बड़ी मात्रा में उर्वरकों का वितरण भी किया जा चुका है। वर्तमान में यूरिया, डीएपी, कॉम्प्लेक्स, एसएसपी और एमओपी का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। सहकारी समितियों व अधिकृत विक्रेताओं के माध्यम से किसानों की मांग के अनुरूप नियमित वितरण जारी है।

कृषि उपकरण निर्माण इकाइयों का निरीक्षण

विदिशा। भारत सरकार के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग और इन्वेस्ट इंडिया की ओडीओपी टीम ने मंगलवार को विदिशा की कृषि उपकरण निर्माण इकाइयों का निरीक्षण किया। दिल्ली से आई टीम में सृष्टि गुप्ता और अमन जैन ने अशोक मेटल वर्क्स, संजय उद्योग व ऊषा एग्रो का भ्रमण कर उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता, तकनीकी संसाधनों और विपणन व्यवस्था का जायजा लिया। बाद में टीम ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता से मुलाकात कर उद्योगों के तकनीकी उन्नयन, ब्रांडिंग, वित्तीय सहायता और विस्तार पर चर्चा की।

समस्याओं के समाधान के लिए 16-17 को कैंप

विदिशा। आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर से संबंधित तकनीकी एवं प्रक्रियागत समस्याओं के समाधान के लिए जिला कोषालय में 16 और 17 जुलाई को विशेष आईएफएमआईएस केयर कैम्प आयोजित किया जाएगा। कैम्प से पहले 15 जुलाई को सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से लंबित एवं नई समस्याएं प्राप्त कर उनका पंजीयन किया जाएगा। इसके बाद विशेषज्ञों की सहायता से सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

धान हुई बेजान

विदिशा। एक सप्ताह से बारिश न होने के कारण खेतों में दरारें चलने लगी हैं, जिन किसानों ने खेतों में धान की रोपाई कर दी थी वह पीली पड़ने लगी है। किसानों का कहना है कि इससे उन्हें भारी नुकसान होगा।

- मौसम विभाग के मुताबिक दो दिन बाद बारिश की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

लगातार कई दिनों से बारिश न होने के कारण खेतों में धान की फसल बेजान हो गई है। पिछले दिनों हुई बारिश से खेत लबालब हुए तो किसानों ने धान की रोपाई कर दी। लेकिन लगातार एक सप्ताह से बारिश न होने के कारण खान के खेत सूख गए हैं और उनमें दरारें चलने लगी हैं।

हैदरगढ़ उप तहसील अंतर्गत क्षेत्र में लगातार पर्याप्त बारिश नहीं होने से किसानों की धान की फसल संकट में आ गई है। किसानों का कहना है कि समय पर बारिश नहीं होने से धान की रोपाई के बाद फसल को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। खेतों में नमी खत्म होने लगी है, जिससे पौधे पीले पड़ रहे हैं और कई स्थानों पर सूखने की स्थिति बन गई है। जिन किसानों के पास सिंचाई के पर्याप्त साधन नहीं हैं, उनकी फसल पर सबसे अधिक संकट मंडरा रहा है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि यदि अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो धान की उपज पर गंभीर असर पड़ सकता है और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। बारिश की कमी से केवल धान ही नहीं, बल्कि अन्य खरीफ फसलें भी प्रभावित हो रही हैं। किसान अब आसमान की ओर टकटकी लगाए अच्छी वर्षा का इंतजार कर रहे हैं, ताकि उनकी मेहनत और पूरी फसल बर्बाद होने से बच सके।

बिना रिलीविंग लिए ही बीएमओ चलते बने, सीएमएचओ ने लिखा पत्र

तबादला हुआ तो... बीईओ ऑफिस का बीएमओ अस्पताल का सामान ले उड़े

विदिशा में ब्लॉक एज्यूकेशन ऑफिसर बनकर आए चंद्रकांत त्यागी का तबादला हो गया। तबादले के बाद वह सामान अपने साथ लेकर गए हैं उसमें ऑफिस में रखा हुआ सामान भी साथ ले जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। हालांकि बीईओ ने इन सभी आरोपों को बेबुनियाद और निराधार बनाया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विदिशा जिले में हुए ताबड़तोड़ तबादलों के बाद अधिकारी नए जिलों में जाकर ज्वाइनिंग ले रहे हैं। ऐसे में कई अधिकारी सरकारी संपत्ति भी अपने साथ भरकर ले जा रहे हैं, तो कुछ अधिकारी अपने साथ ले गए सामान को निजी बता रहे हैं।

ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या शासन से मोटा वेतन लेने वाले अधिकारी इतने गैर जिम्मेदार हैं कि सरकारी संपत्ति को भी नहीं छोड़ रहे। दो ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें अधिकारी अपने साथ शासकीय सामान भी भरकर ले गए। पहला मामला विदिशा बीईओ चंद्रकांत त्यागी का है। जिनका तबादला होने के बाद रविवार को वह अपना सामान लेकर गए। इसके साथ ही बीईओ कार्यालय में रखे गमले, टेवल ग्लास और फ्रिज अपने साथ ले गए। उनके जाने के बाद जब कार्यालय सूना सूना दिखाई दिया तो कर्मचारियों में कानाफूंसी होने लगी। जिसके बाद मामला उजागर हुआ और बात जगजाहिर हो गई।

दूसरा मामला लटेरी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का है। जहां बीएमओ अभिषेक उपाध्याय का करीब 15 दिन पहले तबादला हुआ। वे स्वास्थ्य केंद्र के पीछे ही शासकीय आवास में रहते थे। जब वह अपना सामान लेकर गए तो उसके साथ डिलेवरी टीवी, फ्रिज, कूलर सहित अन्य जरूरी सामान ले गए हैं।

इधर लटेरी बीएमओ इंद्रजीत रघुवंशी का कहना है कि इस संबंध में मेरे पास कोई शिकायत नहीं आई है। स्टोर में जो सामान था मैंने उसकी जांच करने के बाद चार्ज लिया है। इससे पूर्व क्या-क्या सामान था इसके संबंध में मुझे जानकारी नहीं है। बता दें की बीमएओ अभिषेक उपाध्याय के पास सिरोंज में भी पदस्थ रह चुके हैं और फिर उन्हे लटेरी स्वास्थ्य केंद्र का प्रभार सौंपा गया।

स्टोर में आई सामग्री की होनी चाहिए जांच

लटेरी के स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी आपस में कानाफूंसी तो कर रहे हैं, लेकिन कोई भी सामान गायब होने की शिकायत नहीं कर रहा है। इधर सीएमएचओ डॉक्टर रामहित कुमार का कहना है कि उन्हे सामान गायब होने के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। यदि शिकायत आती है तो स्टोर सहित अन्य शासकीय सामग्री की जांच कराई जाएगी। यदि सामग्री गायब मिलती है तो इसकी रिकवरी कराई जाएगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार करीब एक लाख रुपए से अधिक की सामग्री गायब हुई है। इसके अलावा पूर्व में भी आई सामग्री की जांच होना चाहिए की वह स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद है या नहीं। यदि खराब भी हुई है तो उसका क्या किया गया और इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई थी या नहीं।

निजी सामान था

मैं पर्यावरण प्रेमी हूं, मैने निजी तौर पर कार्यालय में प्लांटस लगाए थे। कार्यालय में एक रोटरी भी बनवाई। जब मैं वहां से आया तो कई कर्मचारियों को गमले और प्लांट देकर आया। कोई भी शासकीय सामान लेकर नहीं आया, जो भी सामान था सब मेरा था। अभी और भी सामान है, जो मैंने निजी तौर पर लगवाया था। अभी वह सामान कार्यालय में ही है उसे भी लेकर आना है। **चंद्रकांत त्यागी,** निवृत्तमान ब्लॉक इज्यूकेशन ऑफिसर विदिशा

पत्र लिखा है

लटेरी के निवृत्तमान बीएमओ बिना रिलीविंग लिए चले गए। इस संबंध में संबंधित सीएमएचओ को पत्र लिखा है। स्वास्थ्य केंद्र का सामान साथ ले जाने के संबंध में मुझे जानकारी नहीं है। यदि ऐसा है तो सामान वापस मंगाया जाएगा। या रिकवरी की जाएगी।
डॉ. रामहित कुमार, सीएमएचओ

कल निकलेगी जगदीश स्वामी की भव्य रथ यात्रा

विदिशा। नंदवाना स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर से कल गुरुवार को भगवान जगदीश स्वामी की रथयात्रा निकाली जाएगी। सुबह 10 बजे महाआरती एवं पूजन के बाद भगवान जगदीश स्वामी, सुभद्रा जी और बलभद्र जी की रथ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। यात्रा में भजन-कीर्तन, धार्मिक झांकियां और बैंड-बाजे भक्तिमय वातावरण बनाएंगे। श्रद्धालु विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत करेंगे तथा प्रसादी का वितरण होगा। पार्षद आशीष माहेश्वरी ने बताया कि रथ यात्रा का उद्देश्य धार्मिक एकता और भाईचारे का संदेश देना है। समापन पर मंदिर परिसर में महाप्रसादी होगी।

बुजुर्ग को तत्काल मिली पट्टे की नकल

विदिशा। मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने लोगों समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 256 आवेदन आए। जिनमें से 154 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। लटेरी तहसील के फतेहगढ़ निवासी बुजुर्ग किशोरलाल भील पट्टे की नकल के लिए लंबे समय से परेशान थे। कलेक्टर के निर्देश पर मौके पर ही पट्टे की प्रति उपलब्ध कराई गई।

15 स्कूल वाहन और 32 बसों की जांच, 9 हजार रुपए का जुर्माना

विदिशा। वाहनों की जांच कर जुर्माने की कार्रवाई करते हुए टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस ने मंगलवार को विशेष जांच अभियान चलाया।

इस दौरान विभिन्न स्कूलों में खड़ी बसों और वैन की सघन जांच की गई। यातायात थाना पुलिस ने कुल 32 स्कूल बसों और वैन का निरीक्षण किया। जांच के दौरान दस्तावेजों और सुरक्षा संबंधी नियमों में खामियां मिलने पर 15 वाहनों के चालान बनाए गए। कार्रवाई के दौरान कुल 9 हजार रुपए का समन शुल्क वसूला गया। पुलिस ने वाहन चालकों और संचालकों को स्कूल वाहनों में सभी सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए। फिटनेस प्रमाणपत्र, वैध दस्तावेज, अग्निशामक यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं हर वाहन में उपलब्ध रखने को कहा गया, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन संचालकों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

विदिशा के लिए तैयार हुआ वैज्ञानिक कृषि का रोडमैप, छह गांवों में होंगे कृषि प्रयोग

बामौरा, बरखेड़ी जेतु, औलिंजा, सुमैर दांगी, गोकुलपुर और इशाखेड़ी का चयन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) नई दिल्ली ने जिले की कृषि उन्नति के लिए वैज्ञानिक कृषि कार्य योजना (कृषि रोडमैप) तैयार किया है।

क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को डॉ. तपन अधिकारी के नेतृत्व में आई वैज्ञानिकों की टीम ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता के साथ बैठक कर कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में बताया गया कि प्रारंभिक चरण में जिले के छह गांव बामौरा, बरखेड़ी जेतु, औलिंजा, सुमेर दांगी, गोकुलपुर और इशाखेड़ी का चयन किया गया है। इन गांवों में उन्नत बीज, आधुनिक सिंचाई तकनीक, नई फसल किस्मों तथा कृषि नवाचारों का प्रदर्शन चयनित किसानों के खेतों पर किया जाएगा।

कलेक्टर गुप्ता ने निर्देश दिए कि इन प्रयोगों का नियमित फॉलोअप किया जाए, ताकि सफल परिणामों का लाभ जिले के अन्य किसान भी उठा सकें। साथ ही किसानों के लिए केंद्रीय कृषि संस्थानों के अध्ययन भ्रमण की भी व्यवस्था करने को कहा। बैठक में लुधियाना के डॉ. रणजीत सिंह, डॉ. संदीप दवांगे, भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान भोपाल के डॉ. एन.के. लैंका, कृषि विज्ञान केंद्र विदिशा के डॉ. जितेंद्र कुमार सहित कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। वैज्ञानिकों ने एफपीओ से जुड़े किसानों को फसल प्रसंस्करण, पोस्ट हार्वेस्ट तकनीक और प्रोसेसिंग यूनिट स्थापना के लिए प्रशिक्षण एवं उद्यमिता के अवसरों की भी जानकारी दी।

प्रधानमंत्री आवास योजना अटकी पक्के मकान का सपना रहा अधूरा

- अवैध कॉलोनियों में सुविधाएं उपलब्ध करा रही परिषद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

गरीबों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) शमशाबाद नगर परिषद क्षेत्र में नियमों और दस्तावेजी अड़चनों के कारण अटक गई है। वर्ष 2025 में योजना के तहत 1156 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 1 हजार से अधिक आवेदन आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के हैं। इनमें अधिकांश आवेदन पिछले छह माह से जांच के नाम पर लंबित पड़े हैं।

सबसे बड़ी बाधा अवैध कॉलोनियों में स्थित प्लॉट और मकानों को माना जा रहा है। शासन द्वारा ऐसी कॉलोनियों के दस्तावेज मान्य नहीं किए जाने से बड़ी संख्या में आवेदनों पर कार्रवाई रुक गई है। वहीं, जिन आवेदकों के दस्तावेज स्वयं के नाम पर नहीं हैं, बल्कि पिता या अन्य परिजनों के नाम हैं, उनके आवेदन भी असंगत बताकर रोक दिए गए हैं। अब तक केवल 56 आवेदन ही स्वीकृत हो सके हैं। नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी ने स्वीकार किया कि कठोर नियमों के कारण पात्र गरीबों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया समस्या के समाधान के लिए वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की जा रही है। हितग्राही बबलू नाथ ने बताया कि मजदूरी कर प्लॉट खरीदा था और योजना से पक्का मकान बनाने की उम्मीद थी, लेकिन प्लॉट अवैध कॉलोनी में होने के कारण उनका सपना अधूरा रह गया है। लोगों का सवाल है कि यदि कॉलोनियां अवैध हैं तो वहां नगर परिषद द्वारा सड़क, स्ट्रीट लाइट और नल-जल जैसी सुविधाएं क्यों उपलब्ध कराई गईं।

क्षतिग्रस्त इमारतों में कक्षाएं लगाने पर रोक

विदिशा। सिरोंज के एक स्कूल में प्लास्टर गिरने से बच्चों के घायल होने की घटना के बाद शिक्षा विभाग सतर्क हो गया है। जिलेभर में जर्जर और क्षतिग्रस्त स्कूल भवनों का सर्वे शुरू कर दिया गया है। विदिशा ब्लॉक की प्रभारी बीईओ लिली जैन ने बताया कि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि जिन स्कूल भवनों की स्थिति असुरक्षित है, उनमें किसी भी स्थिति में कक्षाएं संचालित नहीं की जाएंगी। उन्होंने बताया कि विभागीय टीमों द्वारा स्कूल भवनों का निरीक्षण कर उनकी स्थिति का आकलन किया जा रहा है। सर्वे पूरा होने के बाद क्षतिग्रस्त भवनों की सूची तैयार की जाएगी। इसके आधार पर यह तय किया जाएगा कि किन भवनों की मरम्मत कराई जाए और कौन-से भवन पूरी तरह जर्जर होने के कारण ध्वस्त किए जाएं। शिक्षा विभाग का उद्देश्य विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की पुनरावृत्ति न हो।

चार पदों पर केवल एक-एक नामांकन प्राप्त हुआ

आशीष दूसरी बार अध्यक्ष बने, 4 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन, शेष पदों के लिए 19 को होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रेडीमेड वस्त्र विक्रेता संघ के त्रिवार्षिक चुनाव के तहत मंगलवार को सभी पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। संघ के सचिव जितेन्द्र जैन ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 19 जुलाई रविवार को अग्रवाल धर्मशाला में मतदान कराया जाएगा।

चुनाव अधिकारी विश्वनाथ अग्रवाल, राजीव जैन 'गट्टू' एवं मनोज खेड़ा की देखरेख में नामांकन प्रक्रिया पूरी हुई। अध्यक्ष पद के लिए आशीष जैन, उपाध्यक्ष पद के लिए सोनू साहू, सचिव पद के लिए गर्वित अरोरा एवं अनुज जैन, सहसचिव पद के लिए अभिषेक जैन, कोषाध्यक्ष पद के लिए आलोक जैन तथा महासंघ प्रतिनिधि पद के लिए जुगल किशोर सोनी, चेतन वलेचा, सचिन रावत और अमित जैन समर्थ ने नामांकन दाखिल किया।

चार पदों पर केवल एक-एक नामांकन प्राप्त होने के कारण अध्यक्ष पद पर आशीष जैन (रिंकू), उपाध्यक्ष पद पर सोनू साहू, सहसचिव पद पर अभिषेक जैन (टिंकल) तथा कोषाध्यक्ष पद पर आलोक जैन निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। आशीष जैन लगातार दूसरी बार संघ के अध्यक्ष चुने गए हैं।

चुनाव अधिकारियों ने बताया कि 15 जुलाई को नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद सचिव एवं महासंघ प्रतिनिधि पदों के लिए आवश्यक होने पर 19 जुलाई को मतदान कराया जाएगा। संघ के सदस्यों ने सभी निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

खबर संक्षेप

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू

गंजबासौदा। बरेठ रोड पर प्रसिद्ध बिजासन माता मंदिर में भगवान शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार को कलश यात्रा से हुआ। विश्वकर्मा मंदिर से निकली यात्रा प्रमुख मार्ग से होकर मंदिर पहुंची। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर में शिव,माता पार्वती,गणेश और कार्तिकेय की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा चल रही है। 15 जुलाई को पूजन हवन और 16 जुलाई को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा तथा विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

उत्कृष्ट समाजसेवा के लिए नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सहकार भारती मध्य प्रदेश द्वारा भोपाल के अहिल्याबाई होलकर सभागार में आयोजित प्रदेश स्तरीय महिला सहकारिता सम्मेलन में गंजबासौदा नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव को समाज सेवा एवं सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग तथा भोपाल की महापौर मालती राय उपस्थित रहीं। इस अवसर पर नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान



कर सम्मानित किया गया। समारोह में सहकार भारती के प्रदेश अध्यक्ष शेखर कीबे, महिला प्रमुख डॉ. जया श्रीवास्तव सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं प्रदेशभर से आए प्रतिनिधि मौजूद रहे। सम्मान प्राप्त करने के बाद शशि अनिल यादव ने कहा कि प्रदेश स्तरीय महिला सहकारिता सम्मेलन में शामिल होना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि महिला स्वावलंबन और सहकारिता को नई दिशा देने वाले इस गरिमामय मंच पर सम्मानित होना उनके जीवन का गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि गंजबासौदा नगर परिषद के पूरे परिवार और उन सभी महिलाओं का सम्मान है, जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने इस आत्मीय सम्मान के लिए सहकार भारती परिवार, प्रदेश अध्यक्ष शेखर कीबे, महिला प्रमुख डॉ. जया श्रीवास्तव एवं संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि सहकारिता और समाज सेवा की भावना से कार्य करने वाले जनप्रतिनिधि समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शशि अनिल यादव के सम्मानित होने पर गंजबासौदा के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, समर्थकों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे नगर के लिए गौरव का विषय बताया।

सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन का शुभारंभ

गंजबासौदा। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर, लाल पठार में मंगलवार को छात्राओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता को केंद्र में रखकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहीं। नपाध्यक्ष ने छात्राओं को बदलते सामाजिक परिवेश में सतर्क रहने, साइबर एवं सामाजिक अपराधों से बचाव तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता सत्र में बालिकाओं को लव जिहाद सहित विभिन्न सामाजिक प्रपंचों से सावधान रहने और किसी भी प्रकार के झांसे में न आने की सलाह दी गई। विद्यालय परिसर में छात्राओं की स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नपा द्वारा सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन स्थापित की गई, जिसका शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को आवश्यकता पड़ने पर आसानी से सामग्री उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

गंजबासौदा। पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक के पास से 10 ग्राम ब्राउन शुगर कीमती करीब 1 लाख 10 हजार जब्त की है। पुलिस अधीक्षक विदिशा रोहित काशवानी के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन यह कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रामलीला मैदान के मंच के पास गंजबासौदा से अभय गौड उम्र 27 वर्ष निवासी केशव वाटिका वाली गली को पकड़ा। पूछताछ एवं तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 10 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 1,10,000 है। बासौदा शहर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया तथा न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी संजय वेदिया, उपनिरीक्षक राधेश्याम यादव, प्रधान आरक्षक सुरेश रघुवंशी, आरक्षक सरमन साहू, सुमित अवस्थी, राहुल सरवैया, अनिल यादव एवं रत्नेश रोहित की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नशे से संबंधित किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

वृद्ध पर किया मधुमक्खियों ने हमला

गंजबासोदा। मंगलवार को ग्राम आटासेमर में सुबह के समय मधुमक्खियों के झुंड ने एक 65 वर्षीय वृद्ध पर हमला कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 65 वर्षीय निहाल सिंह कुशवाहा अपने खेत पर थे, तभी मधुमक्खियों का एक झुंड अचानक उन पर झपट पड़ा। मधुमक्खियों ने करीब 10 मिनट तक निहाल सिंह पर हमला किया, जिससे वे वहीं गिर पड़े। रास्ते से गुजर रहे किसानों ने उन्हें बचाया और निहाल सिंह को उपचार के लिए अस्पताल लेकर आए। मधुमक्खियों ने उनके सिर पर सबसे अधिक डंक मारे थे, जो करीब आधे घंटे तक सिर में फंसे रहे। उनके हाथ और पैरों में भी मधुमक्खी के काटने से सूजन आ गई है। चिकित्सकीय देखरेख में उनका उपचार जारी है। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों में अन्य स्थानों पर से भी मधुमक्खियों के हमले में घायल होने की सूचनाएं आ रही हैं।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने एक भूमि प्लाट वार्ड नं. 06, बरेठ मेन रोड़ पर स्थित दो हिस्सों का भूमि प्लाट जिसका प्रथम हिस्सा 23 बाय 58.5 कुल क्षेत्रफल 1345.5 वर्गफिट एवं द्वितीय हिस्सा 30 बाय 35 कुल क्षेत्रफल 1050 वर्गफिट इस प्रकार कुल क्षेत्रफल 2395.5 वर्गफिट को श्रीमती ओमबती दुबे पत्नी स्व. श्री अयोध्या प्रसाद दुबे एवं श्रीमती गुलाब बाई दुबे पत्नी श्री ओमप्रकाश दुबे जाति ब्राहम्ण निवासीगण वार्ड नं. 06, बरेठ मेन रोड़, गंजबासौदा, जिला विदिशा वालों से क्रय करने का अनुबंध कर लिया है जिसकी ब्याना राशि अदा कर दी गई है तथा शेष राशि अदा करके विक्रय पत्र संपादित कराना रह गया है। यदि उक्त भूमि प्लाट के विक्रय से किसी व्यक्ति या संस्था का कोई हित प्रभावित होता हो अथवा किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी अन्य शासकीय विभाग का कोई लेना या बकाया हो तो वह सूचना प्रकाशन से पांच (5) दिवस के भीतर अपने मूल्य दस्तावेजों एवं साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय आकर मुझ से संपर्क कर सकते है। नोटः- अवधि सूचना प्रकाशन गुजरने के पश्चात् किसी भी तरह की कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि प्लाट का विक्रय पत्र संपादित कराने हेतु स्वतंत्र होगा।

भवदीय
जितेन्द्र कुमार दुबे एडवोकेट
गंजबासौदा, जिला विदिशा म.प्र.

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने एक भूमि प्लाट वार्ड नं. 06, बरेठ मेन रोड़ पर 16 बाय 50 कुल क्षेत्रफल 800 वर्गफिट श्री अरविन्द गुप्ता पुत्र श्री महेश प्रसाद गुप्ता एवं श्रीमती रेखा गुप्ता पत्नी श्री अरविन्द गुप्ता निवासी बरेठ मेन रोड़, गंजबासौदा, जिला विदिशा वालों से क्रय करने का अनुबंध कर लिया है जिसकी ब्याना राशि अदा कर दी गई है तथा शेष राशि अदा करके विक्रय पत्र संपादित कराना रह गया है। यदि उक्त भूमि प्लाट के विक्रय से किसी व्यक्ति या संस्था का कोई हित प्रभावित होता हो अथवा किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी अन्य शासकीय विभाग का कोई लेना या बकाया हो तो वह सूचना प्रकाशन से पांच (5) दिवस के भीतर अपने मूल्य दस्तावेजों एवं साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय आकर मुझ से संपर्क कर सकते है।
नोटः- अवधि सूचना प्रकाशन गुजरने के पश्चात् किसी भी तरह की कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि प्लाट का विक्रय पत्र संपादित कराने हेतु स्वतंत्र होगा।

भवदीय
जितेन्द्र कुमार दुबे एडवोकेट
गंजबासौदा, जिला विदिशा म.प्र.

22वीं जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सिरोंज के खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

जिला ताइक्वांडो संघ विदिशा द्वारा आयोजित 22वीं जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन बैडमिंटन हॉल खेल स्टेडियम विदिषा में 12 जुलाई को किया गया। जिसमें जिले के समस्त ब्लॉकों की ताइक्वांडो टीमों एवं ताइक्वांडो क्लबों की टीमों ने भाग लिया। जिसमें आदर्श ताइक्वांडो क्लब सिरोंज की टीम के 32 खिलाड़ियों ने भी भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी वर्गों में 9 स्वर्ण पदक, 9 रजत पदक और 7 कांस्य पदक प्राप्त कर ओवरऑल प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में सिरोंज के खिलाड़ियों ने कुल 25 पदक प्राप्त किए। प्रतियोगिता के पदक विजेता सभी 25 खिलाड़ी अगली महीने में होने वाली राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जिले की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में तत्व जैन, अद्विका भावसार, तेजस्विनी कुशवाह, समर्थ दिनकर, हर्षित बैरागी, कनिष्का श्रीवास्तव, हिमांशी प्रजापति ओर अशिमत नगीना और ताइक्वांडो पुम्से में अंश शर्मा का स्वर्ण पदक है। वही रजत पदक प्राप्त करने वालों में रिशीष जैन, श्रेयांश पटवा, वेदनशी जैन, आभास यादव, दिव्यांश पाल कुणाल मिश्रा पार्थ शर्मा कृष्ण शर्मा और अवनी दुबे शामिल है। इसी प्रकार कांस्य पदक प्राप्त करने वालों में जिग्नेश प्रभाकर, देवांश जैन, जैस्मिन असेहा,चित्रा शर्मा, स्वर्णा रघुवंशी, कनिष्का सोनी ओर आनंद राजपूत शामिल है। इस प्रतियोगिता में मुख्य कोच के रूप में सरदार सिंह कुशवाह सहायक कोच के रूप में विशाल कुशवाह निधि साहू एवं अनिकेत कुशवाह शामिल रहे। सब जूनियर वर्ग के कड़े मुकाबले में फाइनल में 18 किलोग्राम वजन वर्ग में तत्व जैन एवं 26 किलोग्राम वजन वर्ग में अद्विका भावसार ने विदिशा के खिलाड़ी को एक तरफा मैच में हराकर सभी का दिल जीत का तालियां बटोरी।

परिवार नियोजन में उत्कृष्ट कार्य पर स्वास्थ्य कर्मियों का सम्मान

नटेरन। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित परिवार नियोजन कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया गया। नटेरन ब्लॉक की सीएचओ दिव्या शर्मा, फार्मासिस्ट अयाज खान सहित कई कर्मचारियों को परिवार नियोजन के प्रभावी क्रियान्वयन और जनजागरूकता बढ़ाने में सराहनीय योगदान के लिए सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामहित कुमार, डॉ. पुनीत महेश्वरी, हरिओम वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सम्मानित कर्मियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके समर्पित प्रयासों से स्वास्थ्य योजनाएं सफल हो रही हैं और अधिक से अधिक लोगों तक परिवार नियोजन का लाभ पहुंच रहा है।

मंदिर की 60 बीघा भूमि पर बोवनी के लिए भटक रहा पुजारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

तहसील ग्यारसपुर के ग्राम मड़िया धामनोद स्थित श्री राम-जानकी मंदिर के पुजारी तुलसीदास बैरागी ने मंगलवार को जिला जनसुनवाई में मंदिर की करीब 60 बीघा निजी भूमि पर बोवनी कराने और सुरक्षा दिलाने की मांग उठाई। उन्होंने अपर कलेक्टर को दिए आवेदन में आरोप लगाया कि सिविल न्यायालय से मंदिर के पक्ष में डिक्री होने के बावजूद गांव के कुछ दबंग लोग भूमि पर जबरन खेती कर रहे हैं। पुजारी का कहना है कि उन्होंने कई बार हैदरगढ़ थाना, एसडीएम और तहसीलदार ग्यारसपुर से पुलिस सहायता मांगी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को भी आवेदन देकर अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने तथा सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की। पुजारी ने आरोप लगाया कि धमकियों के कारण वे मंदिर में नियमित पूजा-अर्चना भी नहीं कर पा रहे हैं। मामले की गंभीरता देखते हुए अपर कलेक्टर ने ग्यारसपुर तहसीलदार को फोन पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए।

300 क्वार्टर के साथ बाइक सहित तस्कर गिरफ्तार

विदिशा। आबकारी विभाग ने 300 पाव देसी मसाला शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिला आबकारी अधिकारी विकास त्रिपाठी के मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजीव थापक एवं साधना पटेल राजपूत के नेतृत्व में टीम ने भेंरोखेड़ी तिराह स्थित हैप्पी वाइव रेस्टोरेंट के पास घेराबंदी कर टीवीएस राइडर बाइक को रोका। तलाशी के दौरान बाइक पर रखे दो थैलों से 300 क्वार्टर अवैध देसी मसाला शराब बरामद हुई।

Accredited by NAAC With "B" Grade

Phone & Fax: 07592-234553
E-mail: heggcvid@mp.gov.in

कार्यालय प्राचार्य, राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या (अग्रणी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा (म.प्र.)

क्रमांक / 2600 /26 विदिशा दिनांक 14/07/2026

।। निविदा प्रकाशन ।।

महाविद्यालय में कम्प्यूटर्स एवं प्रिंटर्स एवं स्मार्ट क्लास सामग्री क्रय करने हेतु निविदा क्रमांक 2026_HED_520972_1 Date 14-07-2026 एवं 2026_HED_521125_1 Date 14-07-2026 एम.पी. टेंडर पोर्टल पर प्रकाशित की गई है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 03-08-2026 एवं 04-08-2026 हैं। इच्छुक प्रदायकर्ता फर्म अपनी निविदाऐं एम.पी. टेंडर पोर्टल पर प्रस्तुत कर भाग ले सकते हैं। निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय प्राचार्य का होगा।

डॉ. बी.डी. अहिरवार
प्राचार्य
रा.वि.सि.शासकीय कन्या (अग्रणी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा म.प्र.







समर्पण, संघर्ष और समाज सेवा
की मिसाल
माननीय
डॉ प्रभुराम चौधरी जी
प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा अनुसूचित मोर्चा (म.प्र.)
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
आपके स्वस्थ जीवन, दीर्घायु
एवं उज्ज्वल भविष्य की
हम मंगलकामना करते हैं।
डॉ प्रभुराम चौधरी जी
प्रदेश उपाध्यक्ष
भाजपा अनुसूचित मोर्चा (म.प्र.)
आपका मार्गदर्शन एवं नेतृत्व
हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।
ईश्वर आपको सदैव
स्वस्थ एवं खुश रखें।
ब्रजेश चतुर्वेदी
वरिष्ठ भाजपा नेता
मयंक चतुर्वेदी
जिला संयोजक
भाजपा खेल प्रकोष्ठ

पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं सांची विधायक
माननीय
डॉ प्रभुराम चौधरी जी को
जन्मदिवस
की
अनंत शुभकामनाएं
और
बधाईयां
एस. मुनियन
पूर्व जनपद अध्यक्ष, सांची
प्रकाश मुनियन
समाजसेवी

लोक प्रिय विधायक
एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष
माननीय
डॉ. प्रभुराम चौधरी जी
को जन्मदिन की
अशेष शुभकामनाऐं एवं बधाई
राहुल पटेल
युवा नेता
अंशुल शर्मा
जिला उपाध्यक्ष भाःजःयुःमोःरायसेन

म.प्र. शासन के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं वर्तमान साँची विधायक
डॉ. प्रभुराम चौधरी जी
को जन्मदिन की
हार्दिक हार्दिक शुभकामनाएं
एवं हार्दिक बधाई....
सौजन्य सेः-
समस्त पार्षदगण, नगर परिषद साँची
पूर्व अध्यक्ष साँची
श्रीमति सुशीला अहिरवार
अध्यक्ष न.प. साँची
श्री रेवाराम(पप्पू भैया) अहिरवार

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं विकास पुरूष
माननीय डॉ. प्रभुराम चौधरी जी
को जन्मदिन की अशेष शुभकामनाऐं एवं बधाई
शरद पाराशर
प्रदेश अध्यक्ष सरपंच संघ
सौजन्य सेः- समस्त सरपंचगण, साँची विधानसभा क्षेत्र, रायसेन (म.प्र.)